हरकोर्ट बटलर
प्राविधिक विश्वविद्यालय,
कानपुर, उ0प्र0



# टिप्पणी एवं आदेश

अनुभागः शैक्षिक अनुभाग

पत्रावली सं0: ..........................................................

दिनांक : ..........................................................

FTS. No.: ..........................................................

मा0 कुलपति महोदय

कृपया विश्वविद्यालय की विद्या परिषद् की 28वीं बैठक दिनांक जून 30, 2026 को ऑफलाइन / ऑनलाइन माध्यम से सम्पन्न हुयी। बैठक के कार्यवृत्त पत्रावली के दाई ओर संलग्न है।

VDixit 01/07/2026
(प्रो0 वन्दना दीक्षित कौशिक)
अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रिया कलाप
एवं सदस्य सचिव, विद्या परिषद्

Approved
01/7/2026

DCAAJ

## हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर की विद्या परिषद् की दिनांक जून 30, 2026 दिन मंगलवार को 04:00 बजे (अपरान्ह) विश्वविद्यालय के समिति कक्ष में सम्पन्न 28वीं बैठक का कार्यवृत्तः

विद्या परिषद् की सम्पन्न 28वीं बैठक में निम्नवत् सदस्यगण ऑफलाइन/ऑनलाइन वीडियो कान्फ्रेन्सिंग द्वारा उपस्थित हुये:

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो0 समशेर, कुलपति, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | अध्यक्ष |
| 2. | श्री विनोद कुमार, विशेष सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ। **(ऑनलाइन)** | सदस्य |
| 3. | प्रो0 अनुराग त्रिपाठी, अधिष्ठाता, यू0जी0, अ0क0प्रा0वि0, प्रतिनिधि मा0 कुलपति, डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ। **(ऑनलाइन)** | सदस्य |
| 4. | प्रो0 राजेश्वरी पांडे, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्यूनीकेशन इंजीनियरिंग, दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, दिल्ली। **(ऑनलाइन)** | सदस्य |
| | प्रो0 नरेश कुमार नागवानी, कम्प्यूटर विज्ञान एवं इंजीनियरिंग, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रायपुर, छत्तीसगढ़। **(ऑनलाइन)** | सदस्य |
| | प्रो0 नीरज सिन्हा, यांत्रिक अभियांत्रिकी विभाग, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर। **(ऑनलाइन)** | सदस्य |
| | प्रो0 बिनोद कुमार कनौजिया, निदेशक, डॉ0 बी0आर0 अंबेडकर, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, जालंधर। **(ऑनलाइन)** | सदस्य |
| 5. | प्रो0 विनय प्रताप सिंह, अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ इंजी0 एवं विभागाध्यक्ष, के प्रतिनिधि प्रो0 जितेन्द्र भास्कर, अधिष्ठाता, अटल इन्क्यूबेशन हब, एवं आचार्य, मैकेनिकल इंजी0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 6. | प्रो0 पी0के0एस0 यादव, अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ केमिकल टेक0 एवं विभागाध्यक्ष प्लास्टिक विभाग एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 7. | प्रो0 मनोज कुमार, अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ बेसिक एण्ड एप्लाइड सांइस एवं विभागाध्यक्ष, भौतिकी विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 8. | प्रो0 ललित कुमार सिंह, अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ फार्मास्युटिकल एण्ड बायोलॉजिकल साइंसेज़, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 9. | प्रो0 राजेश कुमार वर्मा, अधिष्ठाता, शोध एवं विकास, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 10. | प्रो0 एस0के0 शर्मा, अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ ह्यूमैनिटीज़ एण्ड सोशल सांइसेज एवं विभागाध्यक्ष, मानविकी विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 11. | प्रो0 संजीव कुमार, अधिष्ठाता, अंतर्राष्ट्रीय छात्र क्रियाकलाप, के प्रतिनिधि प्रो0 संतोष कुमार, सह अधिष्ठाता, अंतर्राष्ट्रीय छात्र क्रियाकलाप एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 12. | प्रो0 छगन लाल गेहलोत, अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 13. | प्रो0 जितेन्द्र भास्कर, अधिष्ठाता, उद्भवन हब, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 14. | प्रो0 विवेक कुमार, अधिष्ठाता, योजना एवं स्त्रोत जनन एवं विभागाध्यक्ष, फूड टेक0 विभाग एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 15. | प्रो0 जी0एल0 देवनानी, अधिष्ठाता, सतत् शिक्षा और आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन, विभागाध्यक्ष, लेदर टेक0 विभाग एवं विभागाध्यक्ष केमिकल इंजी0 विभाग एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 16. | प्रो0 राम नरेश त्रिपाठी, अधिष्ठाता, स्कूल आफ इन्टरप्रोन्योशिप एण्ड मैनजमेन्ट एवं विभागाध्यक्ष, गणित विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 17. | प्रो0 अनिता यादव, परीक्षा नियंत्रक एवं विभागाध्यक्ष, कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजी0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |

| | | |
|---|---|---|
| 18. | प्रो0 दीपेश सिंह, विभागाध्यक्ष, सिविल इंजी0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 19. | प्रो0 आशुतोष सिंह, विभागाध्यक्ष, इलेक्ट्रानिक्स इंजी0, के प्रतिनिधि डा0 नन्दकिशोर, सहायक आचार्य, इलेक्ट्रॉनिक्स इंजी0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 20. | प्रो0 अर्चना सिंह, विभागाध्यक्ष, इलेक्ट्रिकल इंजी0, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 21. | प्रो0 अजय कुमार सिंह, विभागाध्यक्ष, बायोकेमिकल इंजी0, एच0बी0टी0यू0 कानपुर। | सदस्य |
| 22. | डा0 नीरज प्रफुल्ल अवस्थी, विभागाध्यक्ष, ऑयल टेक0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 23. | प्रो0 सन्तोष कुमार, विभागाध्यक्ष, रसायन विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 24. | डा0 नवीन कुमार गुप्ता, प्रोफेसर, सेवायोजन, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 25. | डा0 आशीष त्रिवेदी, विभागाध्यक्ष, मैनेजमेन्ट स्टडीज विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 26. | डा0 प्रमोद कुमार शर्मा, पुस्तकालयाध्यक्ष, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 27. | डा0 दीपक कुमार, कार्यशालाधीक्षक, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 28. | प्रो0 दिप्तीक परमार, प्रति–कुलपति, एच0बी0टी0यू0 कानपुर। **(ऑनलाइन)** | विशेष आमंत्री |
| 29. | श्री अमित कुमार राठौर, कुलसचिव, एच0बी0टी0यू0 कानपुर। | विशेष आमंत्री |
| 30. | डा0 अमित कुमार राठौर, सह अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | विशेष आमंत्री |
| 31. | डा0 राजकमल कुशवाहा, सहायक अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | विशेष आमंत्री |
| 32. | डा0 नन्दकिशोर, सहायक अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | विशेष आमंत्री |
| 33. | प्रो0 वन्दना दीक्षित कौशिक, अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य–सचिव |

**बैठक में निम्नवत् सदस्य उपस्थित नहीं हो सके :**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | निदेशक, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर। | सदस्य |
| 2. | निदेशक, भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, प्रयागराज। | सदस्य |
| 3. | निदेशक, भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, लखनऊ। | सदस्य |
| 4. | प्रो0 के0 के0 पंत, रासायनिक अभियांत्रिकी विभाग, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, दिल्ली। | सदस्य |
| 5. | प्रो0 अरूण मैथानी, विभागाध्यक्ष, पेन्ट टेक0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 6. | श्री साहित्य कुमार कटियार, वित्त नियंत्रक, एच0बी0टी0यू0 कानपुर। | विशेष आमंत्री |

मा0 अध्यक्ष, विद्या परिषद द्वारा बैठक में आन लाइन/आफ लाइन प्रतिभाग करने वाले समस्त सदस्यों का बैठक में स्वागत किया गया। स्वगतोपरान्त विद्या परिषद की विगत बैठक के उपरान्त विश्वविद्यालय में हुई विभिन्न गतिविधियों से मा0 सदस्यों को अवगत कराने के क्रम में मा0 अध्यक्ष महोदय द्वारा हर्ष साथ अवगत कराया गया कि आई0आई0आर0एफ0 रैंकिंग में विश्वविद्यालय को प्रदेश स्तर पर आई0आई0टी0 कानपुर एवं आई0आई0टी0 बी0एच0यू0 के बाद 3rd रैंक प्राप्त हुई है तथा देश स्तर पर इंजीनियरिंग कैटेगरी में 19th रैंक प्राप्त हुई है। इसी तरह कल प्रकाशित इण्डिया टुडे में इंजीनियरिंग कटेगरी में ओवरआल में देश में 22 तथा प्रदेश में आई0आई0टी0 कानपुर के बाद दूसरा तथा शासकीय इंजी0 संस्थानों में देश में 18वॉं तथा प्रदेश में आई0आई0टी0 के बाद दूसरा स्थान मिला है। विश्वविद्यालय में 26 प्रोजेक्ट सेन्ट्रल/स्टेट फण्डेड चल रहे हैं। अभी कुछ समय पहले रिलीज हुई ग्लोबल साइन्टिस्ट इन्डेक्स में विश्वविद्यालय के 17 शिक्षक टाप 5 प्रतिशत में शामिल हैं। इस सफलता हेतु मा0 कुलपति महोदय ने विद्या परिषद के सम्मानित सदस्यों को एकेडमिक

सम्बन्धी नीति निर्धारण एवं कार्यान्वयन में सहयोग के लिये आभार व्यक्त किया और धन्यवाद दिया। मा0 कुलपति महोदय द्वारा माननीय कुलाधिपति एवं राज्यपाल महोदया एवं मा0 मंत्री प्राविधिक शिक्षा को उनके सतत मार्गदर्शन एवं सहयोग हेतु हृदय से आभार व्यक्त करते हुये धन्यवाद दिया गया। विश्वविद्यालय को प्राप्त इस सफलता हेतु मा0 कुलपति महोदय द्वारा विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति, अधिष्ठाताओं, विभागाध्यक्षों, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं छात्रों को उनके सहयोग हेतु धन्यवाद दिया। तद्पश्चात मा0 कुलपति महोदय द्वारा विद्या परिषद् की विगत एवं वर्तमान बैठक के मध्य सम्पन्न निम्नलिखित विश्वविद्यालय शैक्षणिक व अन्य गतिविधियों से अवगत कराया गयाः

1. वर्तमान शैक्षिक सत्र निर्धारित ऐकेडमिक कलेण्डर के अनुसार तय समय से लगभग पूरा हो गया है। सभी परीक्षा परिणाम घोषित हो चुके हैं।
2. शिक्षकों की कमी को पूरा करने के लिए कार्यपरिषद की पिछली मीटिंग में नये SFS पाठ्यक्रमों के लिये पदों का सृजन कर दिया गया है तथा SFS एवं विश्वविद्यालय फण्डेड पाठ्यक्रमों हेतु असि0 प्रोफेसर (Contract) का विज्ञापन दे दिया गया है, जिसमें आवेदन करने की अन्तिम तारीख 26/06/2026 थी तथा जुलाई में भर्ती पूरी कर ली जायेगी।
3. पेन्ट विभाग की एक लैब को NABL से प्रत्यायन करने के लिये सभी प्रक्रियाएं पूरी कर ली गयी है तथा NABL की टीम 22–23 अगस्त को लैब विजिट करेगी।
4. शैक्षिक सत्र 2025–26 में सेवायोजन हेतु अद्यतन 180 कम्पनियॉ आयी हैं जिनके द्वारा 715 छात्रों को प्लेसमेन्ट दिया गया है। लगभग 200 छात्रों को पेड इन्टर्नशिप प्राप्त हुई जिनमें से अधिकतर छात्रों को पी0पी0ओ0 प्राप्त हुये।
5. विश्वविद्यालय का अष्टम् दीक्षान्त समारोह 10 जुलाई, 2026 को होना निर्धारित है। दीक्षान्त समारोह सम्बन्धी तैयारियॉ चल रही हैं। अपने गौरवशाली छात्र श्री राजेन्द्र कुमार जालान दीक्षान्त समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। इस दीक्षान्त समारोह में 03 कुलाधिपति तथा 44 कुलपति पदक एवं एक स्पांसर्ड मेडल प्रमोद चतुर्वेदी मेमोरियल एवार्ड दिया जायेगा। विश्वविद्यालय के 8वें दीक्षान्त समारोह के दौरान पाठ्यक्रम बी0टेक0 में 529, एम0सी0ए0 में 73, एम0टेक0 में 54, एम0एस0सी0 में 40, बी0बी0ए0 में 48, एम0बी0ए0 में 181, पी0एच0डी0 में 14, इस प्रकार कुल 939 डिग्री छात्रों को दी जायेंगी। विश्वविद्यालय के इस गरिमामय दीक्षान्त कार्यक्रम में विश्वविद्यालय परिवार की ओर से आप सभी सम्मानित सदस्य कार्यक्रम की शोभा बढाने हेतु आमंत्रित हैं।
6. आगामी सत्र में 60 सीट AI/ML, 60 सीट बी0बी0ए0, 60 सीट बी0टेक0 बायोटेक0, 60 बी0एस0एम0एस0, 60 सीट बीफार्मा में बढने से छात्र क्षमता बढेगी जो वर्ष 2021 की छात्र क्षमता 2600 से बढ़कर वर्ष 2027 में 5500 हो जायेगी।

**मद सं0 28.01 विश्वविद्यालय की विद्या परिषद् की दिनांक 15.05.2026 को सम्पन्न 27वीं बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टीकरण।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय की दिनांक 15.05.2026 को सम्पन्न 27वीं विद्या परिषद् की बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टीकरण किया।

**मद सं0 28.02** **विश्वविद्यालय की विद्या परिषद् की दिनांक 15.05.2026 को सम्पन्न 27वीं बैठक में लिए गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही का विवरण।**

विश्वविद्यालय की विद्या परिषद् की दिनांक 15.05.2026 को सम्पन्न 27वीं बैठक में लिए गये निर्णयों पर हुई कृत कार्यवाही का संज्ञान लिया और संतुष्टि व्यक्त की गयी।

**मद सं0 28.03** **विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों में शैक्षिक सत्र 2025–26 (अद्यतन) सेवायोजन की स्थिति पर विचार के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों में शैक्षिक सत्र 2025–26 (अद्यतन) सेवायोजन की स्थिति पर विचार किया। साथ ही प्रो0 सेवायोजन द्वारा अद्यतन स्थिति से अवगत कराया, जिस पर परिषद् ने संतोष व्यक्त किया।

**मद सं0 28.04** **विश्वविद्यालय के अष्टम् दीक्षान्त समारोह में विभिन्न प्रकरण की तैयारियों / व्यवस्था किये जाने के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय के अष्टम् दीक्षान्त समारोह को सफलतापूर्वक आयोजित किये जाने के सम्बन्ध में विभिन्न प्रकार की तैयारियाँ / व्यवस्था किये जाने का संज्ञान लिया।

1. विश्वविद्यालय के अष्टम् दीक्षान्त समारोह के कार्यक्रम को सम्पन्न किये जाने के सन्दर्भ में गठित समिति का संज्ञान लिया।
2. विश्वविद्यालय के अष्टम् दीक्षान्त समारोह के शोभा यात्रा में सम्मिलित होने वाले सदस्यों का संज्ञान लिया।
3. विश्वविद्यालय के अष्टम् दीक्षान्त समारोह हेतु माननीया कुलाधिपति एवं श्री राज्यपाल जी ने श्री राजेन्द्र कुमार जालान, अध्यक्ष, फुटवियर डिजाइन एवं डेवलमेन्ट इंस्टीट्यूट (FDDI), वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय (भारत सरकार) को मुख्य अतिथि नामित किये जाने का संज्ञान लिया।
4. विश्वविद्यालय के दीक्षान्त समारोह में वार्षिक प्रतिवेदन प्रकाशित किये जाने सम्बन्धी कार्य का संज्ञान लिया।
5. परिषद् ने विश्वविद्यालय के अष्टम् दीक्षान्त समारोह में बी0टेक0, बी0बी0ए0, एम0सी0ए0, एम0बी0ए0 एवं एम0एस0सी0 पाठयक्रम के उत्तीर्ण छात्र–छात्राओं को पदक वितरण किये जाने का संज्ञान लिया, जिसमें 03 कुलाधिपति पदक (स्वर्ण 01, रजत 01 एवं कांस्य 01), 44 कुलपति पदक (स्वर्ण 16, रजत 14 एवं कांस्य 13) एवं 01 प्रमोद चर्तुवेदी स्मारक विशिष्ट छात्र प्रायोजित पुरस्कार वितरण किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया।
6. विश्वविद्यालय के अष्टम् दीक्षान्त समारोह में धारण किये जाने वाले परिधानों का संज्ञान लिया।

**मद सं0 28.05** **विश्वविद्यालय के अष्टम् दीक्षान्त समारोह में बी0टेक0 (2022–23), बी0बी0ए0 (2023–24), एम0टेक0 (2024–25), एम0सी0ए0 (2024–25) एम0एस0सी0 (2024–25) एम0बी0ए0 (2024–25) एवं पी0एच0डी0 (2026) के उत्तीर्ण छात्र / छात्राओं को उपाधियाँ प्रदान किये जाने पर परिषद् के अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।**

विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक से प्राप्त सूचना के अनुसार शैक्षिक सत्र 2025–26 में उत्तीर्ण होने वाले छात्र–छात्राओं (उपाधिधारकों) का विवरण निम्नवत् है:

| क्रम सं0 | पाठ्यक्रम | उत्तीर्ण वर्ष | परीक्षा में सम्मिलित | उत्तीर्ण छात्रों की सं0 |
|---|---|---|---|---|
| 1. | बी0टेक0 | 2022 – 2026 | 643 | 529 |
| 2. | बी0बी0ए0 | 2023 – 2026 | 56 | 48 |
| 3. | एम0टेक0 | 2024 – 2026 | 58 | 54 |
| 4. | एम0सी0ए0 | 2024 – 2026 | 73 | 73 |
| 5. | एम0एस0सी0 | 2024 – 2026 | 41 | 40 |
| 6. | एम0बी0ए0 | 2024 – 2026 | 190 | 181 |
| 7. | पी0एच0डी0 | 2026 | 14 | 14 |
| 8. | ओल्ड स्टूडेन्ट | 2026 | 08 | — |
| | | कुल | **1083** | **939** |

उक्त सारणी के अनुसार उपाधि वितरण किये जाने पर परिषद् ने अपना अनुमोदन प्रदान किया। साथ ही परीक्षा नियंत्रक के अनुरोध पर बी0टेक0, बी0बी0ए0, एम0टेक0, एम0एस0सी0, एम0सी0ए0, एम0बी0ए0 एवं पी0एच0डी0 पाठ्यक्रमों में उत्तीर्ण छात्र–छात्राओं (उपाधिधारकों) की संख्या में किसी भी प्रकार के संशोधन होने पर अध्यक्ष, विद्या परिषद् / मा0 कुलपति महोदय को अनुमोदन हेतु अधिकृत किया गया।

**मद सं0 28.06** **विश्वविद्यालय के पी0एच0डी0 पाठ्यक्रम के थीसिस जमा करने की न्यूनतम अवधि के पुनरीक्षण के संबंध में।**

विश्वविद्यालय के पी0एच0डी0 पाठ्यक्रम के थीसिस जमा करने की न्यूनतम अवधि के पुनरीक्षण के संबंध में परिषद् द्वारा प्रकरण पर विचार विमर्श के उपरांत विश्वविद्यालय में पी0एच0डी0 थीसिस जमा करने के संबंध में निम्नवत् निर्णय लिये गये :

1. पूर्णकालिक एवं अंशकालिक शोधार्थियों हेतु न्यूनतम अवधि तीन वर्ष होगी।
2. विशेष परिस्थितियों में एवं पी0एच0डी0 अध्यादेशों में निहित समस्त प्रावधानों के पूर्ण होने पर शोधार्थियों (पूर्णकालिक एवं अंशकालिक) द्वारा न्यूनतम अवधि (तीन वर्ष) से पूर्व थीसिस जमा करने की अनुमति, अधिष्ठाता, शोध एवं विकास की संस्तुति के साथ मा0 कुलपति महोदय के अनुमोदनोपरान्त, प्रदान की जा सकती है। उल्लेखनीय है कि शोधार्थियों (पूर्णकालिक एवं अंशकालिक) को पी0एच0डी0 उपाधि न्यूनतम अवधि (तीन वर्ष) के बाद ही प्रदान की जायेगी।

उक्त के क्रम में विश्वविद्यालय पी0एच0डी0 अध्यादेशों में आवश्यक संशोधन अधिष्ठाता, शोध एवं विकास के माध्यम से किए जाने की संस्तुति भी प्रदान की गयी।

**मद सं0 28.07 विश्वविद्यालय के लेदर टेक0 विभाग कि बोर्ड ऑफ स्टडीज़ की दिनांक 19.06.2026 को सम्पन्न बैठक के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय के लेदर टेक0 विभाग की बोर्ड ऑफ स्टडीज की बैठक में लिये गये निर्णयों का संज्ञान लेते हुये बोर्ड ऑफ स्टडीज़ के कार्यवृत्त पर अनुमोदन प्रदान किया।

**मद सं0 28.08 विश्वविद्यालय के गणित विभाग कि बोर्ड ऑफ स्टडीज़ की दिनांक 28.05.2026 को सम्पन्न बैठक के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय के गणित विभाग की बोर्ड ऑफ स्टडीज की बैठक में लिये गये निर्णयों का संज्ञान लेते हुये बोर्ड ऑफ स्टडीज़ के कार्यवृत्त पर अनुमोदन प्रदान किया।

**मद सं0 28.09 विश्वविद्यालय के स्नातक पाठ्यक्रमों में राष्ट्रीय शिक्षा निति 2020 में हुए परिवर्तन के साथ ही अभातशिप एवं यू0जी0सी0 के दिशा–निर्देशों के क्रम में बी0टेक0 प्रथम वर्ष के पाठ्यक्रम हेतु मॉडल पाठ्यक्रम संरचना के सम्बन्ध में।**

विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के प्रावधानों तथा अभातशिप एवं यू0जी0सी0 के दिशा–निर्देशों के अनुरूप बी0टेक0 प्रथम वर्ष की पाठ्यक्रम संरचना में आवश्यक संशोधन किए जाने हेतु गठित समिति की बैठकों में प्राप्त सुझावों के आधार पर मॉडल पाठ्यक्रम संरचना में प्रस्तावित संशोधनों पर परिषद द्वारा सहमति प्रदान की गई।

उक्त के क्रम में, बी0टेक0 प्रथम वर्ष की संशोधित पाठ्यक्रम संरचना तथा विश्वविद्यालय हेतु प्रस्तावित पाठ्यक्रम कोडिंग प्रणाली को विद्या परिषद ने अनुमोदन प्रदान किया। इसके साथ ही External Expert प्रो0 नरेश कुमार नागवानी, कम्प्यूटर विज्ञान एवं इंजीनियरिंग, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रायपुर, के सुझाव के अनुसार कोर्स कोड फार्मट में ईयर आफ स्टडी (1–4) के स्थान पर सेमेस्टर आफ स्टडी (1–8) के संशोधन किये जाने पर अपना अनुमोदन प्रदान किया।

**मद सं0 28.10 विश्वविद्यालय के विभिन्न शैक्षिक विभागों एवं स्वःवित्तपोषित पाठ्यक्रमों में Assistant Professor (on Contract)- University funded & SFS Programme के चयन एवं स्क्रीनिंग हेतु विषय विशेषज्ञों की सूची के सम्बन्ध में।**

परिषद ने विश्वविद्यालय के विभिन्न शैक्षिक विभागों एवं स्वःवित्तपोषित पाठ्यक्रमों में Assistant Professor (on Contract)- University funded & SFS Programme के चयन एवं स्क्रीनिंग के लिये दो विभागों (बायो टेक्नालॉजी विभाग एवं फार्मास्युटिकल सांइसेज विभाग) हेतु विषय विशेषज्ञों (सील बन्द लिफाफे में) की सूची विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता स्कूल ऑफ फार्मास्युटिकल एण्ड बायोलॉजिकल साइंसेज़ द्वारा प्रस्तुत की गयी। जिस पर परिषद द्वारा अपना अनुमोदन प्रदान किया गया। साथ ही प्रेषित वाहय विशेषज्ञों की सूची में विशेषज्ञों की संख्या कम होने, विशेषज्ञों के नाम में परिवर्तन अथवा किसी भी अन्य प्रकार के संशोधन किये जाने हेतु परिषद् ने अध्यक्ष, विद्या परिषद् एवं कुलपति महोदय को अधिकृत किया।

**मद सं0 28.11 अध्यक्ष महोदय की अनुमति से किसी अन्य मद पर विचार।**

**मद सं0 28.11.01 विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों (सत्र 2026–27) हेतु तैयार किए गए शैक्षणिक कैलेंडर को लागू किये जाने हेतु अनुमोदन प्रदान किए जाने के संबंध में।**

विश्वविद्यालय के विभिन्न शैक्षणिक पाठ्यक्रमों (बी0टेक0, बी0फार्म0, बी0बी0ए0, बी0एस0–एम0एस0, एम0टेक0, एम0सी0ए0, एम0बी0ए0, एम0एस0सी0, पी0एच0डी0 पाठ्यक्रमों) के लिए सत्र 2026–27 के शैक्षणिक कैलेंडर का अवलोकन करते हुए सत्र 2026–27 हेतु लागू किये जाने हेतु परिषद् द्वारा निम्नवत् संशोधनों के साथ अनुमोदन प्रदान किया गया।

PDixit

| Sr. No. | Activity | Proposed Duration |
|---|---|---|
| | **Odd Semsester** | |
| 1. | PhD SRAC Activities | November 02-20, 2026 (Monday - Friday) |
| | **Even Semester** | |
| 2. | First Mid Semester Examination (MSE) | February 23-27, 2027 (Tuesday - Saturday) |
| 3. | Sports & Other USAC Activities | February 15-19, 2027 (Monday - Friday) |
| 4. | PhD SRAC Activities | May 06 – 26, 2027 (Thursday - Wednesday) |

**मद सं0 28.11.02 विश्वविद्यालय के SCHOOL OF PHARMACEUTICAL & BIOLOGICAL SCIENCES में ASSISTANT PROFESSOR (ON CONTRACT) - SFS PROGRAMME के चयन एवं स्क्रीनिंग हेतु तैयार RECRUITMENT RULES के सम्बन्ध में।**

विश्वविद्यालय के SCHOOL OF PHARMACEUTICAL & BIOLOGICAL SCIENCES में ASSISTANT PROFESSOR (ON CONTRACT)- SFS PROGRAMME के चयन एवं स्क्रीनिंग हेतु तैयार RECRUITMENT RULES को SCHOOL OF PHARMACEUTICAL & BIOLOGICAL SCIENCES विभाग के अधिष्ठाता द्वारा प्रस्तुत किये गये RECRUITMENT RULES पर विद्या परिषद ने अपना अनुमोदन प्रदान किया।

बैठक अध्यक्ष महोदय/उपस्थित समस्त सदस्यों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन के साथ सम्पन्न हुई।

01/07/2026

**(प्रो0 वन्दना दीक्षित कौशिक)**
अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रिया–कलाप
एवं सदस्य–सचिव, विद्या परिषद्